



नवभारत
इंदौर, रविवार, 24 अगस्त, 2025




## एक नजर में

### आफ्टर केयर तत्वों की व्यवस्था हेतु इच्छुक संस्था/संगठन से प्रस्ताव 30 अगस्त तक आमंत्रित

**मंदसौर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मंदसौर बी.एल. विश्नोई द्वारा बताया गया कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) नियम, 2022 (मूल नियम 2016) के नियम 25 के प्रावधानुसार 18 वर्ष की आयु पूरी होने एवं बाल कल्याण समिति से निर्मुक्त पश्चात् बाल देखरेख संस्थान छोडने वाले केयर्स लीवर को ऑफ्टर केयर कार्यक्रम के माध्यम से रोजगार/ स्वरोजगार मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोडकर आर्थिक रूप से सशक्त कर समाज की मुख्यधारा में फिर से शामिल किये जाना है। मिशन वात्सल्य योजना में आफ्टर केयर कार्यक्रम में रखे गये केयर्स लीवर को 4 हजार रूपये प्रतिमाह राशि दिये जाने तथा उनके संरक्षण के लिए शिक्षण, प्रशिक्षण प्रदान किये जाने वाले संगठन का चिन्हांकन किया जायेगा। आफ्टर केयर कार्यक्रम के युवाओं की आवास संबंधी व्यवस्था हेतु 6 से 8 व्यक्तियों के समुहों के लिए अस्थायी आधार पर सामुदायिक आवास की व्यवस्था हेतु संगठन/संस्था के चिन्हांकन के प्रावधान है । इस संबंध में ऐसे अशासकीय संगठन/ संस्था जो 18 वर्ष से अधिक आयु के छह से आठ युवक/युवतियों को अपने वित्तीय संसाधनों से रखने के लिए इच्छुक हो तथा उनकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि नही हो ऐसे इच्छुक संगठन/संस्था से प्रस्ताव हेतु द्वितिय तल, कक्ष क्रमांक 306, जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास मंदसौर दूरभाष- 07422-235543, Email:-wcdmas@nic.in से संपर्क करें ।

### भादवा बीज पर 25 अगस्त को बारामासी चौराहे पर लगेगा बाबा रामदेवजी का भव्य मेला

**गरोठ।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भादवा बीज के पावन अवसर पर बाबा रामदेवजी का विशाल मेला 25 अगस्त, सोमवार को ग्राम पंचायत देथली खुर्द स्थित बारामासी चौराहे पर आयोजित होगा। यहां पर बाबा रामदेवजी का मंदिर स्थित है, साथ ही बजरंगबली और शनि महाराज के मंदिर भी हैं। ग्राम पंचायत देथली खुर्द के सरपंच प्रतिनिधि रामगोपाल मीणा और सचिव गोपाल कछावा ने बताया कि मेले के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, प्रतीक्षालय, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, पुलिस सुरक्षा और मेला स्थल पर एलाउसमेंट जैसी व्यवस्थाएं की गई हैं। आसपास के ग्रामीण अंचल से बाबा रामदेवजी की झांकियां मेले में शामिल होंगी। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी हर साल की तरह मेले में भाग लेकर सहयोग करेंगे। ग्राम पंचायत ने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से मेले में सम्मिलित होने की अपील की है।

### विमुक्त वर्ग के युवा स्वरोजगार हेतु ऑनलाइन आवेदन करें

**मंदसौर।** विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु जनजाति विकास के सहायक संचालक द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु स्वरोजगार योजना अंतर्गत विमुक्त जाति वर्ग के 18 वर्ष से 55 वर्ष तक की आयु के बेरोजगार युवक/युवतियों को स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करने हेतु परियोजना ईकाई लागत सेवा एवं व्यवसाय हेतु 10 हजार रूपये से 1 लाख रूपये तक का ऋण बैंकों के माध्यम से वितरित किये जायेगें। जिस पर 25 प्रतिशत या 20 हजार रूपये अधिकतम एवं 6 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान नियमित रूप से ऋण भुगतान (निर्धारित समय एवं राशि) की शर्त पर विभाग द्वारा दिया जायेगा। आवेदन पत्र ऑनलाईन वेबसाईट*https://samast.mponline.gov.in/portal*/ पर भरे जा सकते है।

## रक्तदान शिविर में युवाओं का उत्साह

- स्व. दिनेश कश्यप की स्मृति में फोटोग्राफर एसोसिएशन ने किया रक्तदान
- 13 सदस्यों ने रक्तदान कर दी श्रद्धांजलि, प्रमाणपत्र देकर किया सम्मान




इस अवसर पर मुकेश कनेसरिया, जीवन सोनी, विशाल ब्रिजवानी, नरेंद्र ब्रिजवानी, लखन बड़ोलिया, राकेश दुबे, सुरेश सेन, मनीष शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार कुणाल कश्यप ने व्यक्त किया।

नवभारत न्यूज

**मंदसौर। नगर के प्रसिद्ध फोटोग्राफर स्व. दिनेश कश्यप की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर मंदसौर जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा शनिवार 23 अगस्त को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के 13 सदस्यों ने जिला चिकित्सालय में रक्तदान कर उनकी स्मृति को नमन किया।**

एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेंद्र जायसवाल ने बताया कि स्व. दिनेश कश्यप मंदसौर नगर के ख्यात फोटोग्राफर रहे हैं। उन्होंने मुंबई की फिल्म इंडस्ट्री में भी अपनी कला का प्रदर्शन किया और फिल्मों में अभिनय किया। नगर में स्टूडियो रामायण के माध्यम से उन्होंने फोटोग्राफी को नई पहचान दी और कई विद्यार्थियों को इस कला में प्रशिक्षित किया। उनकी स्मृति में यह रक्तदान शिविर एक पुनीत कार्य के रूप में आयोजित किया गया। रक्तदान करने वालों में रोहित सोनी, कुणाल कश्यप, ऋषभ जैन, अंकित माली, नितिन शर्मा, हकीम, अभिनव झलोया, अनिल सुराह, आकाश माली, विवेक शर्मा, केतन प्रजापत, यश लोहार और सौरभ जैन शामिल रहे। सभी रक्तदाताओं को एसोसिएशन द्वारा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

### जिले के सर्वोत्कृष्ट कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन 15 सितम्बर तक आमंत्रित

**मंदसौर। परियोजना संचालक आत्मा, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंदसौर द्वारा बताया गया कि, आत्मा (एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी) योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिए सर्वोत्कृष्ट कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।**

इस योजना के तहत जिले से 05 कृषकों का चयन कर प्रत्येक को 10 हजार का पुरस्कार एवं एक कृषक को सर्वोत्कृष्ट कृषक पुरस्कार स्वरूप 25 हजार की राशि प्रदान की जाएगी। यह पुरस्कार उन कृषकों को दिया जाएगा जिन्होंने अपने खेत में नई कृषि तकनीकियों का सफलतापूर्वक उपयोग कर उत्पादन व उत्पादकता में वृद्धि की है तथा उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन आदि से आय बढ़ाने के नवाचार किए हैं।कृषक भाई आवेदन पत्र संबंधित विभाग जैसे कृषि विस्तार अधिकारी, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं कृषि अभियांत्रिकी इत्यादि विभाग से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2025 है।



### अंजनी नदी पर बन रहे पुल का सेतु निर्माण अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**गरोठ। अंजनी नदी पर बोलिया रोड स्थित पुल निर्माण कार्य में लापरवाही और अनियमितताओं की शिकायतों के बाद शनिवार 22 अगस्त को सेतु निर्माण विभाग के एसडीओ और ठेकेदार ने स्थल का निरीक्षण किया। लगभग 6 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस पुल के डिजाइन को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने आपत्ति जताई थी।**

शिकायत में कहा गया था कि पुल के डिजाइन में टर्न का ध्यान नहीं रखा गया, जिससे भविष्य में हादसों की संभावना बढ़ सकती है। इसी को देखते हुए सेतु निर्माण विभाग ने मौके पर लेआउट प्रस्तुत कर पुल निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान टर्न को सुधारने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी।

इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र 227 के विधायक चंद्रसिंह सिसोदिया, नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, सभापति सतीश गुजराती, महेंद्रसिंह, डॉ. भंवरसिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे।

### जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुर्जर 26 अगस्त से शुरू करेंगे ब्लॉक स्तरीय दौरा

**मंदसौर।** नव नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर 26 अगस्त 2025 मंगलवार को जिले में ब्लॉक स्तरीय दौरे की शुरुआत करेंगे। गुर्जर सुबह 10 बजे शहीद किसान स्व. अभिषेक पाटीदार की बरखेड़ा पंथ स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देंगे । इसके बाद, दोपहर 12 बजे मंदसौर में एनएसयूआई कार्यक्रम और दोपहर 2 बजे सीतामऊ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यक्रम में शामिल होंगे । ब्लॉक क्षेत्र में निवासरत प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों, समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि सभी कार्यक्रमों में भाग लें।



### टकरावद इंडेन गैस एजेंसी द्वारा एलपीजी सुरक्षा संगोष्ठी का आयोजन

**टकरावद/नाहरगढ।** इंडियन ऑयल कंपनी के निर्देशानुसार गैस एजेंसी द्वारा ग्राम पंचायत टकरावद में उपभोक्ताओं को गैस से दुर्घटना संबंधी एवं बचाव कैसे करे इसके बारे में विस्तृत जानकारी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के रतलाम सेल्स एरिया ऑफिसर शुभम बिरला द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि कभी भी सिलेंडर को उल्टा नहीं रखना चाहिए रसोई घर में गैस स्टैंड हो और चुल्हे को सिलेन्डर से एक से दो फीट ऊंचा रखना चाहिए ताकि कोई दुर्घटना ना हो। कोई भी उपभोक्ता बिना चेक करें डिलीवरी मैन से सिलेंडर नहीं ले एवं सभी तोलकर सिलेंडर ले। डिलीवरी मैन के पास तोल कांटा एवं लीकेज चेक करने के सभी उपकरण उपलब्ध है एवं इसके बाद भी कोई लीकेज की समस्या आती है तो तुरंत एजेंसी संचालक या मैकेनिक स्टाफ आदि को सुचित करे। इस अवसर पर इंडेन गैस एजेंसी संचालक रामगोपाल गुप्ता, सुनील गुप्ता एवं एजेंसी स्टाफ बनेसिंह, खुमानसिंह, तुलसीराम, मांगीलाल और कार्यक्रम में हरीश पाटीदार, पुरणमल शर्मा, राजेश प्रजापत, गट्टूसिंह, हरीश और साथ ही गांव की अनेक महिलाएं उपस्थित थी।

**एक नजर** — अतिथियों का समाज के पदाधिकारी गणों द्वारा स्वागत किया गया

### भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन




**मंदसौर। भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा द्वारा विगत दिवस प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कुमावत समाज धर्मशाला नरसिंहपुर में आयोजित किया गया।** सम्मान समारोह में कार्यक्रम के आशीर्वाद दाता श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानदास महाराज कुलगुरु कुमावत समाज भारत पंच निर्मोही अखाड़ा दादू आश्रम उज्जैन एवं मैनपुरिया आश्रम के महेशानंद महाराज के सानिध्य और राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता मंदसौर विधायक विपिन जैन नपा अध्यक्ष श्रीमती रामादेवी गुर्जर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार राधेश्याम बरानिया सुरजमल आडानिया के करकमलों व मुख्य अतिथियों में समाज द्वारा खेल शिक्षा चिकित्सा सामाजिक सहित समाज सेवा में कार्य करने वाले समाज के समाजसेवियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित अतिथियों का समाज के पदाधिकारी गणों द्वारा पुष्पहारों से स्वागत सम्मान किया गया इस अवसर पर भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष वर्दीचंद छापरवाल राजू मुंडेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश अदनिया महामंत्री भारत छापोला गोपाल छापोला भारत एनिया संतोष मुंडेल बाबू डूंगरवाल मदनलाल आडानिया बंटी मुंडेल भेरूलाल अन्यावाडा लखन कुमावत परमानंद कुमावत गोवर्धन कुमावत कान जी पटेल लाला मुंडेल मानक आडानिया मेजर उषा कुमावत प्रेमलता राजू वात्रा वर्षा मुडेल भावना टांक कृष्णा डूंगरवाल सहित महासभा के पदाधिकारीगण एवं समाज जन उपस्थित थे। उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी हेमंत बारोदिया (कुमावत) ने दी।

## नीमच


## एक नजर में

### गांधी सागर समूह-2 जल प्रदाय योजना अंतर्गत ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों का भ्रमण कार्यक्रम रवाना




**मनासा।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांधी सागर समूह-2 जल प्रदाय योजना परियोजना क्रियान्वयन इकाई नीमच द्वारा ग्राम जल एवं स्वच्छता सदैव समितियों के लिए विशेष भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम का उद्देश्य समिति सदस्यों को योजना की कार्यप्रणाली, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की प्रक्रिया, संचालन एवं रखरखाव संबंधी जानकारी प्रदान करना है। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल से ग्रामीण स्तर पर जल प्रबंधन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा तथा गांव-गांव में सुरक्षित व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में यह कदम मील का पत्थर साबित होगा। ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों को जल आपूर्ति व्यवस्था के तकनीकी पहलुओं, देखरेख व स्थायित्व की जानकारी भी दी जाएगी। इस कार्यक्रम से न केवल ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ेगी बल्कि आत्मनिर्भरता के साथ स्थायी जल प्रबंधन व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

### 750 लीटर क्षमता का वाटर कूलर शा .बा .उ . मा .वि .क्र . 02 नीमच में स्थापित



**नीमच।** शा .बा .उ .मा .वि .क्र .02 नीमच में अध्ययनरत सभी छात्र/छात्राओं के लिये 750लीटर क्षमता वाला वाटर कूलर स्थापित किया गया। इस वाटर कुलर से विद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को ठंडा स्वच्छ पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। वाटर कुलर के लोकापर्ण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य श्री ओमप्रकाष बंसल द्वारा बताया गया कि सभी विद्यार्थियों को पीने के पानी के लिये स्वच्छ एवं ठंडा जल उपलब्ध करवाने की प्रेरणा श्री ओमप्रकाष जी अग्रवाल द्वारा दी गई जिनसे प्रेरणा प्राप्त कर चीताखेड़ावाले श्री राजेष कुमार जी एवं श्री सत्यनारायण जी अग्रवाल मण्डी व्यापारी द्वारा पिता स्व . श्री विमलकुमार जी एवं दादाजी स्व . श्री हिरालालजी अग्रवाल की स्मृति में लगाया गया। इसका निर्माण विद्यालय एवं श्री राजेष कुमार जी एवं श्री सत्यनारायण जी अग्रवाल के संयुक्त सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में अग्रवाल परिवार, विद्यालय का स्टाफ एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कुसुम शर्मा द्वारा किया गया एवं इस पुनित कार्य के लिये आभार विद्यालय के प्राचार्य महोदय द्वारा प्रकट किया गया।

## अहमदाबाद में सिंधी युवक की हत्या पर नीमच में सिंधी पंचायत आक्रोशित

- दोषियों पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग को लेकर उठाई आवाज, कलेक्टोरेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन



इस अवसर पर ईश्वर आहूजा, महेश वर्धानी, किशन अंदानी, राजकुमार मंगनानी, मनोहर मोटवानी, मोमू लालवानी, गजेंद्र चावला, लक्ष्मी प्रेमाणि, दिव्या लालवानी, लोकेंद्र फतनानी, राजकुमार रामनानी, रमेश केवलानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

**नीमच। पूज्य सिंधी पंचायत नीमच ने अहमदाबाद की सेवंथ डे स्कूल में हुई सिंधी समाज के युवक नयन संताणी की जघन्य हत्या की कड़ी निंदा की है। पंचायत ने जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा देने की मांग की है।**

गौरतलब है कि यह घटना 19 अगस्त 2025 को हुई थी, जब छात्र नयन संताणी स्कूल में पढ़ाई कर रहा था। इसी दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से पूरे सिंधी समाज में गहरा आक्रोश और शोक की लहर है। पंचायत ने इस वारदात को स्कूल प्रबंधन की घोर लापरवाही का परिणाम बताते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के सिंधी समाज को विचलित कर रही हैं।

#### ज्ञापन में प्रमुख मांगें

इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों और लापरवाही बरतने वाले स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। नयन संताणी के परिवार को 1 करोड़ रुपए का आर्थिक मुआवजा दिया जाए। ज्ञापन देने से पूर्व सिंधी समाजजन हेमू कॉलोनी चौराहा पर एकत्रित हुए, जहां श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर 2 मिनट का मौन रखकर नयन संताणी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

### नयागांव में बाबा रामदेवजी का 3 दिवसीय मेला आज से

**नयागांव।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बाबा रामदेवजी का मेला तीन दिवसीय रामदेवजी मंदिर परिसर में नगरपरिषद नयागांव के तत्वाधान में आज से मनाया जायेगा। मेला अध्यक्ष मदन माली ने बताया कि 24अगस्त रविवार सांय 5बजे भादवा सुदी एकम् को मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद द्वारा सायंकाल स्कुल मैदान से निशान लेकर किया जायेगा और विधवत मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ ही मेला चालू हो जायेगा स्कूल मैदान में भजन संध्या बबलू राजस्थानी व कृष्णा राठौर द्वारा प्रस्तुति दि जायेगी और मुख्य मेला भादवा सुदी बीज 25अगस्त को लगेगा मंदिर में भजन कीर्तन होगे । वही शाम को स्कुल मैदान में अखिलभारतीय कवि सम्मेलन होगा वही 26अगस्त मंगलवार को मेला समाप्त होगा इस दिन भी सांस्कृतिक कार्यक्रम होगे व उत्कृष्ट दुकानदारो को प्रमाण पत्र दिया जायेगा मेले में दुकानदार दुकान लेकर आ गये वही झूला रेट आदि भी आ गये ।



### स्वच्छता विभाग की बैठक में सीएमओ बामनिया ने की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा

- 16 निराश्रित पशुओ को सड़क से हटाकर गौशाला भेजा

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा एवं आगामी त्यौहारों गणेश चतुर्थी व नवरात्रि पर पर्याप्त सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका की स्वास्थ्य शाखा के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए !वहीं दूसरी तरफ नपा सीएमओ बामनिया के निर्देश पर शहर की सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित पशुओं को पकड़कर गौशाला भिजवाने की कार्यवाही के तहत शनिवार को 16 निराश्रित पशुओं को चैनपुरा गौशाला भिजवाया गया ! बैठक में सीएमओ बामनिया ने 50 दिवस से अधिक वाली सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करने के साथ ही शहर में पर्याप्त साफ सफाई रखने, मच्छर रोधी दवाई का छिड़काव करवाने तथा गणेश चतुर्थी व नवरात्रि पर प्रतिमा स्थापना वाले स्थलों पर समुचित सफाई व्यवस्था करवाने व चूने की लाइनिंग करने सहित स्वच्छता संबंधी प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।!

**एक नजर** — 3 करोड़ 20 लाख रूपये का बकाया, प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में संचालित किचन पर लटके ताले...

### 830 समूह संचालक एवं 1200 महिला रसोइयां अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

नवभारत न्यूज

**नीमच। मध्यप्रदेश में लम्बे समय से राशि भुगतान नहीं होने के चलते शुक्रवार से जिले के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में संचालित किचन पर ताले लटके मिलेंगे। नीमच जिले में भी जिले के करीब 50 हजार बच्चों को मध्याह्न भोजन मिलना बंद हो जाएगा। मध्य प्रदेश मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत एवं आंगनबाड़ी में कार्यरत समूह को भोजन पकाने की राशि का लम्बे समय से भुगतान नहीं हुआ है।**

भुगतान न होने के कारण अनिश्चितकालीन हड़ताल



लंबे समय से भोजन पकाने की राशि का भुगतान न होने और साथ ही अन्य मांगों के समर्थन में 22 अगस्त से प्रदेश भर के समूह संचालकों ने मध्याह्न भोजन पकाने में समर्थता व्यक्त की है। इसके साथ की किचन पर ताले लटका दिए हैं। अब जब तक मध्यान भोजन एवं आंगनवाड़ियों में कार्यरत समूहों को बकाया भुगतान नहीं हो जाता तक तक भोजन कक्षों पर ताले ही लटके रहेंगे। जिले के 830 समूह संचालक एवं 1200 महिला रसोइयां अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

#### 50 हजार बच्चों को नहीं मिलेगा खाना

मिड-डे मील बनाने वाले समूहों व महिला रसोइयां की सामूहिक हड़ताल पर जाने से जिले के 869 माध्यमिक और 375 प्राथमिक विद्यालय में अध्यनरत करीब 50 हजार बच्चों के मध्याह्न भोजन पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने पर यह बच्चे मध्याह्न भोजन से वंचित रहेंगे। जिले की समस्त आंगनबाड़ी में भी हजारों बच्चों को प्रधानमंत्री पूरक पोषण आहार अंतर्गत सुबह का नास्ता एवं भोजन नहीं मिल पाएगा। जिले के 830 समूह संचालक एवं 1200 महिला रसोइयों का पिछले 4 माह का औसत 3 करोड़ 20 लाख रुपए बकाया है। एक माह का औसत 80 लाख रुपए बनता है। जबतक राशि का भुगतान नहीं होगा किचन पर ताले लगे रहेंगे।



### देश भर की कारीगरी के साथ ही डिजाइनर सूट- साड़ी और ज्वेलरी के स्टॉल सजे

**नीमच।** हस्तकला प्रदर्शनी में आ रहे शहर के लोग वुडन क्राफ्ट, क्रोकरी, तमिलनाडु की कांजीवरम साड़ी, अंधरा का कलमकारी,बनारस की साड़ी, सूट एवं आकर्षक दुपट्टे आकर्षण का केंद्र हैकारीगरी के स्लोगन के नाम से प्रसिद्ध हस्तशिल्प एवं हाथकरघा प्रदर्शनी लायंस डेन गोमाबाई नेत्रालय के सामने नीमच मै 9 अगस्त से 25 अगस्त तक आयोजन किया गया है प्रदर्शनी ज्यो ज्यो बढ़ रही है शहर वासियों की शाम कारीगरी प्रदर्शनी में गुजर रही है, शहर ही नहीं बल्कि आसपास के इलाके से बड़ी संख्या में कला प्रेमी यहां रहे हैं,प्रदेशों से शिल्पकार एवं बुनकर खास प्रोडक्ट लाए हैं अलग-अलग स्टालों में लगी डिजाइनर सूट और साड़ियां भी लोगों को काफी पसंद आ रही है । ह हस्तशिल्प एवं हाथकरघा प्रदर्शनीइंदौर द्वारा आयोजित की गई है प्रदर्शनी प्रभारी मिश्रा जी ने बताया कि हस्तकला प्रदर्शनी में अपेक्षा से ज्यादा ग्राहकों की भीड़ जुट रही है ।